विरोध

महिला कांग्रेस ने प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

कैबिनेट मंत्री का फूंका पुतला, मुर्दाबाद के लगे नारे

नवभारत, कटनी। महिला कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री विजय शाह के लाडली बहन योजना को लेकर दिए गए कथित असंवैधानिक और महिलाओं के अधिकारों पर आघात करने वाले बयान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव और शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर बर्खाश्त करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्री विजय शाह का पुतला कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रजनी वर्मा ने बताया की 13 दिसंबर को रतलाम में बीजेपी केबिनेट के मंत्री विजय शाह द्वारा ली गई बैठक में यह कहा गया की मुख्यमंत्री के सम्मान के लिए लाडली बहन की सभी हितग्राही महिलाओं को बुलाया जाए और जो महिलाएं इस सम्मान समारोह में नहीं आती उनके लाडली बहन योजना के पंजीयन को आधार से लिंक होने की जांच की जाए और उनकी पात्रता रद्द की जाए उनका यह बयान संविधान के मौलिक अधिकारों के विरुद्ध है, इसके पहले भी मंत्री विजय शाह महिलाओं को लेकर कई बार विवादित बयान दे चुके हैं,इस तरह भाजपा मंत्रियों के सम्मान समारोह में ना आने वाली महिलाओं के ऊपर दबाव बनाकर उनसे उनका हक नहीं छीना जा सकता, भाजपा मंत्रियों के इस तरीके के बयान भाजपा के महिलाओं के प्रति दोहरे मापदंड को दर्शाता है, यहां एक और भाजपा महिलाओं से लाडली बहनों के नाम पर वोट मांगती है वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं से लाडली बहनों को वंचित भी कर रही है मध्य प्रदेश की समस्त जिलों में कांग्रेस की महिला शक्तियों ने विजय शाह के इस असंवैधानिक बयान के विरुद्धअपना विरोध दर्ज कराया है और यह मांग की है की कैबिनेट मंत्री अमित शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। शहर जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा इस वक्त दबाव की राजनीति कर रही है जो पूर्णता अनुचित है और पूरी कांग्रेस जनता के साथ उनके हक की लड़ाई में खड़ी है, पुतला दहन की कार्यक्रम मे पुलिस बल की भारी छीना छपटी के बीच पुतले का दहन किया गया, विजय शाह के इस विरोध कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला कांग्रेस और जिला कांग्रेस के लोग शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यिक्ष अमित शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, चोखे भाई जान, महिला उपाध्यक्ष आदिता वर्मा, कल्पना पाठक, मंजू निषाद, माया चौधरी मुमताज बानो, गीता निषाद, सुमन सैनी, दुर्गावती कोल, नाजिमा बी, लता खरे, प्रीति कुमारी, रूपा शर्मा, प्रीति पटेल, भगवती पटेल, भाग्यश्री गुप्ता, प्रशांत जयसवाल, आनंद पटेल, राजेश जाटव, जितेंद्र गुप्ता अजय जैसवानी, रमेश अहिरवार, दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता ,रम्मू यादव,अभिषेक शिवहरे, मंगल सिंह, उदय सिंह, डी आर सिंहोते, अशोक बहलानी , मुन्ना कुशवाहा, कल्लू विश्वकर्मा, राहुल होतवानी, राकेश गुड्डू द्विवेदी, विनीत जायसवाल, अजय कोल ,रवि मंगलानी, रमाकांत दुबे ,राघव सोनी, रमाकांत दीक्षित,विजय मंगल, प्रशांत पांडे, संतोष पटेल, इंद्र तोलानी, अरुण यादव, हर्ष सेन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बैंकों और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पुलिस टीम द्वारा किया गया बैंकों और एटीएम का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। बैंकों और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बैंकों और एटीएम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रों अंतर्गत स्थित बैंकों और एटीएम की सुरक्षा जांच की गई। इस दौरान बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा गार्डों की संख्या, उनकी तैनाती और एटीएम की निगरानी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान एटीएम पर तैनात सुरक्षा गार्डों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के प्रवेश करने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। चेहरे पर मास्क, कपड़ा या अन्य तरीके से पहचान छिपाकर एटीएम में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को अंदर प्रवेश नहीं देने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति, बैंकों के अंदर-बाहर की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा गार्डों की तैनाती का जायजा लिया गया। जहां सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त पाई गई, वहां बैंक प्रबंधन को उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। कुछ एटीएम में सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति पाए जाने पर जल्द ही गार्ड तैनात कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया गया है।

एक नजर में

प्रशांत के जिला मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

नवभारत, उमरियापान। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में सिलौंडी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय को जिला मंत्री बनाने से पूरे सिलौंडी क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनुसूची जाति मंडल के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र बागरी ने गरीबों को मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया है। जिला मंत्री ने बनने के बाद डॉक्टर प्रशांत राय ने अपने साथियों के साथ मां वीरासन देवी मंदिर का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सहकारिता प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक अनिल पांडे, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मोती हल्दकार, गणेश राय, सहित कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

उपयंत्रियों को सौंपे गए नवीन दायित्व

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1 और 2.0 के तकनीकी कार्यों को संबंधित कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री नोडल अधिकारी के संपूर्ण अधीक्षण व नियंत्रण के अधीन नियमानुसार कार्य संपादन करने के लिए तीन उपर्यत्रियों को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नवीन कार्य दायित्व दिए हैं। आदेश के अनुसार उपयंत्री जेपी सिंह बघेल को वर्तमान प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के एएचपी घटक, द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी के कार्यों, 2.0 के एएचपी घटक से संबंधित कार्यों के संपादन का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के एएचपी घटक, प्रथम चरण झिंझरी के कार्यों का दायित्व, उपयंत्री मोना करेरा को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 अंतर्गत बीएलसी घटक के कार्य के लिए दायित्व सौंपे हैं। संबंधितों को शासन के निर्देशों के अनुरूप सौंपे दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया है।

लगाए जाएंगे 30 विद्युत पोल, शिफ्ट होंगे ट्रांसफार्मर

नगर निगम आयुक्त ने किया घंटाघर मार्ग का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। आवागमन और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य शहर के अंबेडकर वार्ड में कराए गए विद्युतीकरण कार्य सहित जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग में कराए जाने वाले वाले विद्युत्तीकरण, पोल शिफ्टिंग कार्य की मैदानी हकीकत की जानकारी लेने के लिए नगर निगम आयुक्त निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बुधवार को निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने अंबेडकर वार्ड स्थित सोनी के बगीचा के पास के नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम के माध्यम से कराए गए विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होने जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग पर आवागमन की बेहतर सुविधा के मद्देनजर विद्युत्तीकरण और पोल शिफ्टिंग के कार्यो का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त द्वारा ड्राइंग डिजाईन से स्थल पर कराए जाने वाले कार्यो का मिलान करते हुए सहायक यंत्री आदेश जैन और उपयंत्री मोना करेरा से मार्ग के पोल और ट्रांसफार्मर की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि मार्ग में 30 पोल और 15 ट्रांसफार्मर शिफ्ट किए जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त ने एमपीईबी के अधिकारियों, नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यकता के अनुरूप ही स्थल पर विद्युत्तीकरण के कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मार्ग के अन्य विकास कार्यो की जानकारी भी ली गई।

सड़क से हटाई कबाड़ी सामग्री, नो पार्किंग में पार्किंग पर वसूला जुर्माना

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर की गई कार्रवाई

नवभारत, कटनी। नगर के मुख्य मार्गो में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों और अस्थाई अतिक्रमणों को हटाकर आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर नगर आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार के निर्देश पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर निगम और पुलिस विभाग के संयुक्त अभियान के दौरान सर्वजनिक मार्गो में रखी कबाड़ सामग्री को जब्त कर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है। आवागमन की सुविधा के मद्देनजर अतिक्रमण हटाओ टीम द्वारा नगर भ्रमण कर मिशन चौक स्थित कबाड़ व्यवसायी बदारूद्दीन उर्फ बल्लू द्वारा कबाड़ सामग्री रखकर आवागमन बाधित कर व्यवसाय करते पाए जाने पर सामग्री जब्ती की कार्रवाई कीगई है। साथ ही हिदायत दी गई है कि दोबारा सार्वजनिक मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर व्यवसाय करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ टीम और यातायात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान मिशन चौक, सुभाष चौक, चांडक चौक और नगर निगम कार्यालय के सामने नो पार्किंग जोन पर चार चका वाहनों को खड़ा कर आवागमन प्रभावित करने वाले चालकों पर जुर्माना कार्रवाई कर 35 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा सुभाष चौक, बरही नाका, बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो के किनारे अस्थाई रूप से दुकान सामग्री रखकर आवागमन बाधित कर व्यवसाय करने वाले लोगों पर चार हजार रुपए का जुर्माना किया लगाया गया है।

नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर की शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए कार्रवाई लगातार की जाएगी। सभी व्यवसायियों को सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने, अव्यवस्थित पार्किंग नहीं करने के लिए कहा गया है। वाहनों की पार्किंग को निर्धारित किए गए पार्किंग जोन में करने के लिए कहा गया है।

जगमोहन दास वार्ड में 16 लाख की लागत से बनाई जाएगी सीसी नाली

महापौर की उपथिति में कराया गया भूमिपूजन

नवभारत, कटनी। शहर के जगमोहन दास वार्ड में सीसी नाली निर्माण कार्य का महापौर प्रीति संजीव सूरी की उपस्थिति में भूमिपूजन कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड के वरिष्ठ नागरिक श्री रामलखन चतुर्वेदी जी द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीसी नाली निर्माण कार्य पूरा के होने के बाद जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड की महिलाओं ने महापौर का माला पहनाकर स्वागत किया। महिलाओं ने वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए का विशेष आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महापौर ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि नगर विकास के लिए भविष्य में भी प्राथमिकता अनुसार वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद, मेयर इन काउंसिल सदस्य रमेश सोनी, सुभाष साहू, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद सहित विजय चतुर्वेदी, श्याम निषाद, नकुल निषाद, गुड्डी बाई, सरला निषाद, ललिता रजक, मधु दुबे, दीपा कोरी सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थिति रही।

भाजपा नेता के घर पर इनकम टैक्स की टीम का छापा

दो दर्जन से अधिक अधिकारियों की टीम ने दी दबिश

नवभारत, कटनी। माइनिंग कारोबारी भाजपा नेता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के घर, प्रतिष्ठानों सहित कार्यालय में इनकम टैक्स की टीम ने बुधवार सुबह दबिश दी। इनकट टैक्स विभाग के लगभग 50 से भी अधिकारियों की टीम ने घर, कार्यालय प्रतिष्ठान में जांच कर रही है। जांच के दौरान आयकर विभाग की टीम ने यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी से जुड़े मामलों को लेकर की है। फिलहाल अधिकारी दस्तावेजों की जांच, कर रहे हैं। अभी तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कार्रवाई जारी होने के कारण जब्ती और पूछताछ से संबंधित जानकारी फिलहाल अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। पूरे दिन अधिकारियों की टीम द्वारा दस्तावेजों को खंगाला गया। छापामार कार्रवाई में कर की चोरी मिली है या नहीं, इस बा की जानकारी नहीं दी गई है। कार्रवाई जारी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

ग्रामीणों ने लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

नवभारत, उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टोला में प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा के तहत भी भ्रष्टाचार के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। उनकी कार्य प्रणाली ने न सिर्फ योजनाओं की साख को प्रभावित किया है, बल्कि गांव के गरीब और वंचित लोगों को उनके अधिकार से वंचित किया है। ग्रामीणों का कहना है कि पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन करने के बदले उनसे रिश्वत की मांग की जा रही है। सचिव और रोजगार सहायक अपने क़रीबियों और आर्थिक रूप से मजबूत लोगों को लाभार्थी सूची में शामिल किया है, कई ऐसे लोगों का खुलासा हुआ है कि लाभार्थियों के नाम से फर्जी दस्तावेज बनाए गए या फिर असली पात्र लाभार्थियों को नजर अंदाज कर दिया गया है।

मनरेगा कार्यों को लेकर शासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना और सार्वजनिक संपत्तियों का निर्माण करना लेकिन मनरेगा के तहत फर्जी हाजरी भरकर लूटा जा रहा है सचिव और रोजगार सहायक द्वारा अपने करीबी लोगों की हाजरी भरकर उनके खातों में राशि भेज दी जाती है ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का कार्य कागज़ों में दिखा दिया जाता है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।

पथ व्यवसायियों को बताई गई स्वनिधि योजना की आवेदन प्रक्रिया

जानकारी देने के लिए शहर में लगाए जा रहे शिविर

नवभारत, कटनी। शहरी क्षेत्रों में फुटपाथ पर छोटे व्यवसाय करने वाले पथ विक्रेताओं के जीवनस्तर में सुधार और उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना संचालित की जा रही है। नगर निगम के माध्यम से संचालित इस योजना से नगर के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से 24 दिसंबर तक जोनवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योजना प्रभारी और एनयूएलएम सिटी मिशन मैनेजर यश रजक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध रूप से बिना गारंटी के आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 15 हजार रुपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए और तृतीय चरण में 50 हजार रुपए तक का ऋण दिया जाता है। यह राशि पथ विक्रेताओं के व्यवसाय को बढ़ाने, सामग्री खरीदने और आय के बेहतर साधन विकसित करने में सहायक साबित हो रही है। शहर के पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत आसानी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

16 दिसंबर से लगाए जा रहे शिविर 24 दिसंबर तक लगाए जाएंगे। शिविर में 21 हितग्राहियों को योजना की जानकारी देकर आवेदन की प्रक्रिया बताई गई। 18 और 19 दिसंबर को बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 22 और 23 दिसंबर को दुर्गा चौक, 24 दिसंबर को माधवनगर उप कार्यालय के पास शिविर लगाया जाएगा।

मांग

लोकसभा में सांसद ने उठाई रेलवे स्टेशनों में ट्रेनों के ठहराव की मांग, मिला आश्वासन

स्लीमनाबाद, रीठी, निवार और कटनी जंक्शन में नहीं रुकने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

नवभारत, कटनी। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कटनी जंक्शन, स्लीमनाबाद, रीठी सहित संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सांसद ने जिन ट्रेनों के कटनी स्टेशन में स्टॉपेज की मांग की गई, उनमें गाड़ी क्रमांक 11059-छपरा एक्सप्रेस, 22360-पटना सुपरफास्ट, 11015-सहरसा अमृत भारत, 12293-प्रयागराज एस्क्प्रेस, 11060-मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस, 22359- मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस 11016-मुंबई एलटीटी अमृत भारत एक्सप्रेस 12294- मुंबई एलटीटी एसी एक्सप्रेस शामिल हैं। इसी तरह रेवांचल एक्सप्रेस का स्टापेज रीठी रेलवे स्टेशन पर और बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का स्टापेज पटौहा स्टेशन पर करने की मांग सांसद ने की। उन्होंने जनता एक्सप्रेस 13301-13302, रीवा-इतवारी ट्रेन 11753-11754, जबलपुर-लखनऊ, एक्सप्रेस 15205-15206, जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11265-11266, जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस 22181-22182, सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 11651-11652 का स्टापेज स्लीमनाबाद स्टेशन पर करने, गाड़ी क्रमांक 22190-22189 रीवा जबलपुर इंटरसिटी, 12182-12181 दयोदया एक्सप्रेस, 12190-12189 महाकौशल एक्सप्रेस का स्टापेज निवार स्टेशन पर करने की मांग लोकसभा में रखी। साथ ही पूछा कि इन स्टॉपेज को स्वीकृत कर लागू करने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है, इनसे स्थानीय यात्रियों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों तथा पर्यटन और तीर्थ यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन में कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने की ओर ध्यान दिलाया। साथ-साथ कटनी से जुड़े स्लीमनाबाद और रीठी जैसे स्टेशनों पर कुछ यात्री ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की। सांसद ने कहा कि इससे क्षेत्रीय आवागमन सुगम होता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। इन स्टेशनों पर ठहराव बहाल होने से हजारों यात्रियों को प्रतिदिन सीधा लाभ मिलेगा। सांसद ने यह भी कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा लगातार रेल मंत्रालय से ट्रेनों के स्टॉपेज दोबारा प्रारंभ किए जाने की मांग की जा रही है। उन्होंने रेल मंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में जिन ट्रेनों का ठहराव इन स्टेशनों पर था, उन्हें बहाल किया जाए।

सलैया स्टेशन के पास फांसी पर लटका मिला युवक

नवभारत, कटनी। दमोह-कटनी रेल खंड में सलैया रेलवे स्टेशन के पास जंगली क्षेत्र में एक युवक फांसी पर लटका मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सलैया स्टेशन के पास जंगली क्षेत्र में युवक फांसी पर लटका मिला।

मृतक की पहचान उमरिया जिले के पाली थाना अंतर्गत पवन सिंह ठाकुर के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि युवक रीठी थाना क्षेत्र के सलैया गांव में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां आया था। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। जांच के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठन, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024